हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 जून 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- भारत के सुभांशु शुक्ला ने तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेस एक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर , कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है की आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान में निहित मूल्यों , मौलिक अधिकारों और प्रैस की स्वतंत्रता को ख़त्म किया गया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को देश के इतिहास का काला अध्याय बताया।
- केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी बघेल ने कहा है की व्यक्तिगत लाभ या कुर्सी के लिए संविधान में संशोधन करना,संविधान की हत्या करने के बराबर है।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने नागरिको को पारदर्शी और गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

*****

भारत के शुभांशु शुक्ला ने तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर एक्सिओम-4 मिशन के लिए रवाना एक्सिओम-4 मिशन के लिये कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर उडान भरी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अंतरिक्ष से एक संदेश भेजा, जिसमें उन्होंने कहा कि यह एक अद्‌भुत यात्रा है। उन्होंने कहा कि भारत 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने यह भी कहा कि यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है।

*नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियो, वॉट अ राइड। 41 साल बाद हम वापस अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं और कमाल की राइड थी। इस समय हम सा साढ़े सात किलोमीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार से पृथ्वी के चारों तरफ घूम रहे हैं, और मेरे कंधे पर मेरे साथ मेरा तिरंगा है जो मुझे बता रहा है कि मैं आप सबके साथ हूं। ये मेरी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक की ये जर्नी की शुरूआत नहीं है, ये भारत के ह्यूमन स्पेस प्रोग्राम की शुरूआत है, और मैं चाहता हूं कि आप सभी देशवासी इस यात्रा का हिस्सा बनें। आपका भी सीना गर्व से चौड़ा होना चाहिए। आप भी उतना एक्साइटमेंट दिखाईये, आईये हम सब मिलकर भारत के ह्यूमन स्पेस प्रोग्राम की जर्नी की शुरूआत करें। जय हिंद, जय भारत।*

***********

इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि एक्सिओम 4 कल भारतीय समयानुसार शाम सा चार बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर चालक दल लगभग दो सप्ताह बिताएँगे, जहाँ वे

माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

*********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों, मौलिक अधिकारों और प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख से प्रेरित अन्याय का युग था। श्री शाह ने इस संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति देने वालों को भी श्रद्धांजलि दी।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में लगाया गया आपातकाल देश के इतिहास का काला अध्याय है।करनाल में आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल लगा के दौरान लोकतंत्र की हत्या की गई और लोगों को यातनाएं दी गई। उन्होंने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो संविधान बचाने की बात कर रहे हैं उनकी पीढ़ियों ने संविधान की रक्षा नहीं की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में, आपातकाल के समय भारतीय संविधान, संस्कृति एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन में अमूल्य योगदान देने वाले लोकतंत्र के प्रहरियों को सम्मानित भी किया।श्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम के दौरान आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

***********

संविधान हत्या दिवस हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है, जब 25 जून, 1975 को संविधान का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। यह आपातकाल से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का दिन है। एक रिपोर्ट-

*आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और अन्य विपक्षी नेताओं को आंतरिक सुरक्षा अधिनियम मीसा के तहत गिरफ्तार किया गया था। शाह आयोग की रिपोर्ट के अनुसार इस अधिनियम का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था और लगभग 35000 लोगों को बिना किसी सुनवाई के हिरासत में लिया गया था। भारतीय जेलों में 183000 की क्षमता के मुकाबले 2 लाख 20 हजार से अधिक कैदी थे। इनमें से 126000 से अधिक विचाराधीन कैदी थे। आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आपातकाल के दौरान अत्याचारों का सामना करने के बावजूद लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बरकरार रहा। जब इमरजेंसी लगाई गई उसमें देश के नागरिकों से सारे अधिकार छीन लिए। उसमें से एक अधिकार संविधान के आर्टिकल 21 के तहत सभी भारतीयों को मिला राइट टू लाइफ एंड पर्सनल लिबर्टी भी था। आपातकाल के*

*दौरान जेल में बंद रहे प्रख्यात पत्रकार राम बहादुर राय ने आकाशवाणी से बात की और उस दौरान में अत्याचारों के बारे में बताया। उस रात को जो सबसे पहले हमला हुआ वह दो जगह हुआ। भारत सरकार ने इंदिरा गांधी के सरकार ने किया। एक मीडिया पर हमला किया, दूसरा जेपी और चंद्रशेखर जैसे नेताओं की गिरफ्तारी से किया। लगभग 21 महीने तक चले आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था और मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिए गए थे। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

***********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी बघेल ने कहा कि भारतीय संविधान देश के लिए एक पवित्र ग्रंथ है। इसलिए सभी को संविधान का सम्मान करना चाहिए।केंद्रीय राज्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश हित में संविधान के अंदर संशोधन

किए जाते हैं। लेकिन व्यक्तिगत लाभ या कुर्सी के लिए संशोधन करना संविधान की हत्या करने के बराबर है। श्री बघेल ने कहा -

श्री बघेल ने कहा कि यह याद रखना बहुत जरूरी है कि इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल लगा कर कैसे संविधान की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि 19 महीने का आपातकाल देश के लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को बचाने के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल में बंद होने वाले और उनके परिजनों को शाल भेंट कर सम्मानित भी किया गया।इससे पहले केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने संविधान हत्या दिवस को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

***********

आज पलवल में भाजपा कार्यालय में संविधान हत्या दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया । खेल, युवा उद्यमिता, कानून मंत्री गौरव गौतम ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सेमिनार के दौरान लोकतंत्र सेनानियों का पटका  पहनाकर स्वागत किया गया।

सेमीनार में कानून मंत्री गौरव गौतम ने कहा-

श्री गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान को कुचलने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के काले अध्याय 25 जून को मनाने का उद्देश्य आने

वाली पीढ़ियों को पता चले कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता के लालच में देश की जनता के साथ किस प्रकार से व्यवहार किया।

*********

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने आज चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर नागरिकों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुना। बातचीत के दौरान मंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने और प्रत्येक मुद्दे को निर्धारित समय सीमा के भीतर हल करने के निर्देश दिए। कुमारी आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और नागरिकों को समय पर, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

******